# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 15 मार्च, 2021

----

[**कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन**].

Total Short Notice Question- 15

----

### कुआँ का सौंदर्यीकरण

*56 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **ग्रामीण विकास** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत गरखा बाजार चौक की मुख्य सड़क के सटे दक्षिण एक अत्यन्त ही प्राचीन काफी बड़ा सार्वजनिक कुआँ है;

(ख) क्या यह सही है कि जल-जीवन-हरियाली योजना के तहत उक्त प्राचीन कुआँ का अब तक जीर्णोद्धार नहीं किया गया है, फलतः उक्त सार्वजनिक कुआँ के आसपास रहने वाले लोगों के द्वारा कुआँ और उसके आसपास की जमीन का अतिक्रमण किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो लोकहित में क्या सरकार उक्त सार्वजनिक कुआँ का जीर्णोद्धार और उसके सौन्दर्यीकरण की कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कब तक?

----

## सड़क की मरम्मती

*118 **मो. फारूक (विधान सभा):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के ढाका झोंआराम से कुण्डवा चैनपुर की सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय अवस्था में रहने के कारण आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है ;

(ख) यदि उपरोक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का पूर्ण निर्माण

*119 **श्री सुमन कुमार (मधुबनी स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के अंधराठाड़ी प्रखंड अंतर्गत निकठा गांव में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय से त्रिमुहानी तक महत्वपूर्ण सड़क का निर्माण किया जा रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ होने के बाद आधा-अधूरा निर्माण कर छोड़ दिया गया है, जिस कारण क्षेत्र के लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त अर्धनिर्मित सड़क का पूर्ण निर्माण के दिशा में विभागीय स्तर से आज तक कोई पहल नहीं की गई है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मधुबनी जिला के अंधराठाड़ी प्रखण्ड अंतर्गत निकठा गांव में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय से त्रिमुहानी तक

सड़क का पूर्ण निर्माण कराना चाहती

----

## रीवर फ्रंट रोड बनाने

*120 **श्री संजीव श्यामसिंह (शिक्षक गया):**

Will the **पथ निर्माण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गया शहर की फल्गु नदी पर पुल के पश्चिमी छोर पर रीवर फ्रंट रोड बनाने की घोषना राज्य सरकार द्वारा की गई थी परन्तु आजतक नहीं बन पाई है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार फल्गु नदी पर पुल के पश्चिमी छोर पर रीवर फ्रंट रोड बनाना चाहती है, यदि हां तो कब तक नहीं तो क्यों ?

----

## पथ का निर्माण

*121 **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय (गोपालगंज स्थानीय प्राधिकार ):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुंठपुर प्रखंड के चार पंचायतों के 20 हजार से अधिक की आबादी को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाला राजापट्टी-कृतपुरा मुख्य पथ अभी भी छह जगहों पर बदहाल है ;

(ख) क्या यह सही है कि 50 से 100 मीटर की दूरी में छह जगहों पर मुख्य सड़क टूटने से लोगों का सड़क संपर्क पूरी तरह भंग है, बाढ़ की त्रासदी बीतने के तीन महीने बाद भी इस सड़क की मरम्मत नहीं की जा सकी है ;

(ग) क्या यह सही है कि प्रखंड मुख्यालय आने के लिए लोगों को पांच किलोमीटर अधिक दूरी तय कर पहुंचना पड़ रहा है, जगदीशपुर, हमीदपुर, गम्हारी, बंगरा तथा फैजुल्लाहपुर पंचायतों के लोगों के लिए यह सड़क महत्वपूर्ण मानी जाती है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजापट्टी-कृतपुरा मुख्य पथ का निर्माण कबतक करायेगी, नहीं तो क्यों ?

----

## भवन बनाने पर विचार

***122 श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

Will the **पंचायती राज** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत में पंचायत सरकार भवन बनाया जाता है ;

(ख) क्या यह सही है कि भोजपुर जिला और बक्सर जिला के ग्राम पंचायत में पंचायत सरकार भवन कितना बना हुआ है और कितने पंचायतों में पंचायत सरकार भवन अभी बनाना है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार भोजपुर जिला और बक्सर जिला के सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन बनाने का विचार रखती है ?

----

## मुआवजा उपलब्ध कराने

***123 श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

Will the **कृषि** be pleased to state:-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र में मखाने की खेती, उत्पादन, आपूर्ति देश एवं विदेशों में बड़े पैमाने पर मछुआरों के द्वारा किया जाता है ;

(ख) क्या यह सही है कि प्रत्येक वर्ष बाढ़ एवं सुखाड़ की मार राज्य के मखाना पालकों/मछुआरों को भुगतना पड़ रहा है, जिससे उनको भारी आर्थिक नुकसान पहुंच रहा है ;

(ग) क्या यह सही है कि मखाना का बीमा राज्य सरकार के द्वारा करने का कई बार प्रयास किया गया, परंतु अब तक प्रारंभ नहीं किया जा सका और न ही बाढ़ एवं सुखाड़ से हुई क्षति का मुआवजा मखानापालकों/मछुआरों को उपलब्ध कराया जा सका ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बतलाना चाहती है कि मखाना का बीमा कराना चाहती है, बाढ़ एवं सुखाड़ से पीडि़त मखानापालकों/मछुआरों को मुआवजा उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का पुनर्निर्माण

***124 श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-

क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल प्रखण्ड में उमैराबाद (NH-139) से न्यू अरवल होते हुए ग्राम-मोथा (NH-110) को जोड़ने वाली अत्यंत ही महत्वपूर्ण सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है ;

(ख) क्या यह सही है कि यह सड़क औरंगाबाद एवं भोजपुर जिला की ओर से आने वाली गाडि़यों को जहानाबाद की ओर जाने के लिए बाईपास का काम करती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क की महत्ता को देखते हुए शीघ्र ही इसका पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## आवासों की शीघ्रातिशीघ्र मरम्मती

***125 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

Will the **भवन निर्माण** be pleased to state:-

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना पश्चिम प्रमंडल स्थित आवास सं.- 355/800 एवं 82/400 की स्थिति अत्यन्त जर्जर है एवं लगभग दो वर्षों से इन आवासों में कोई कार्य नहीं कराया गया है ;

(ख) क्या यह सही है कि स्थानीय पदाधिकारियों की अनदेखी एवं मनमाने रवैये के कारण आवासों की दीवारों पर झाड़-झंखार तक उग आए हैं ;

(ग) क्या यह सही है कि आवासियों द्वारा बार-बार शिकायत करने पर भी पदाधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन आवासों की शीघ्रातिशीघ्र मरम्मती कराने की कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## नये मकान निर्माण

***126 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

Will the **ग्रामीण विकास** be pleased to state:-

क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सोनबरसा प्रखंड के मधेसरा, जयनगर मुशहर टोला तथा जमुनिया मुशहरनिया गांव में मुशहर बिरादरी की बहुतायात संख्या है ;

(ख) क्या यह सही है कि इंदिरा आवास के तहत वर्षों पूर्व निर्मित इन बिरादरी के परिवारों का आवास अब रहने लायक नहीं है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन ग्रामों के मुशहर बिरादरी के परिवारों के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत नया मकान बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## सड़क का पुनर्निर्माण

***127 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

Will the **ग्रामीण कार्य** be pleased to state:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के औराई प्रखंड मुख्यालय से नया गांव पंचायत होकर बागमती बांध होते हुए कटौंझा तक आती है, जो सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर मुख्य सड़क से मिलती है, की हालत जर्जर हो चुकी है ;

(ख) क्या यह सही है कि उपर्युक्त सड़क की दूरी लगभग ९ (नौ) किलोमीटर है और यह सड़क औराई प्रखंड की आधी आबादी को मुख्यालय से जोड़ती है, जिसमें उच्च विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय और महाविद्यालय भी पड़ता है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'क' में वर्णित इस महत्वपूर्ण सड़क का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## आवास का निर्माण

***128 सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

Will the **भवन निर्माण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि सरकार के पास राज्य के प्रखंड मुख्यालयों हेतु भवन एवं अधिकारियों, कर्मचारियों के निवास हेतु भवन के लिए कोई योजना है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बेगूसराय

जिलान्तर्गत शाम्हो प्रखंड के लिए भवन एवं अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए आवास निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## कार्रवाई पर विचार

*129 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

Will the **पंचायती राज** be pleased to state:-

क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि श्री शिवलाल पासवान, पंचायत राज पदाधिकारी के पद पर पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत छौड़ादानों प्रखंड में पद स्थापित थे जहां से अगस्त, 2020 में वे सेवानिवृत्त हो गए हैं ;

(ख) क्या यह सही है कि सेवानिवृत्त के छः माह बाद भी श्री शिवलाल पासवान को उनके सेवान्त लाभ का न तो भुगतान किया जा रहा है और न ही पेंशन की ही शुरुआत की जा सकी है ;

(ग) क्या यह सही है कि श्री पासवान को मार्च 2020 से अगस्त 2020 की अवधि का वेतन भी लंबित है और वहां के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा सेवानिवृत्त दलित पदाधिकारी को तंग-तबाह करते हुए वेतन और पेंशन का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जबकि श्री पासवान हृदयरोग और उच्च रक्तचाप के मरीज हैं और गंभीर रूप से अस्वस्थ हैं ;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बताएगी कि सेवानिवृत दलित पदाधिकारी श्री शिवलाल पासवान के बकाये वेतन, सेवान्त लाभ और पेंशन भुगतान के लिए कार्रवाई करते हुए उन्हें प्रताडि़त करने वाले दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध क्या कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## सड़क का पुनर्निर्माण

*130 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

Will the **पथ निर्माण** be pleased to state:-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर बस स्टैंड से अनुमंडल अस्पताल, दानापुर तक की सड़क लगभग जर्जर अवस्था में है ;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सार्वजनिक हित में क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

----

## वैकल्पिक व्यवस्था

*131 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

Will the **पथ निर्माण** be pleased to state:-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि बेली रोड पटना में गाडि़यों को आने-जाने के लिए यू-टर्न बनाये जाने के कारण लोगों को सड़क पार करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(ख) क्या यह सही है कि विशेषकर जेडी वीमेन्स कॉलेज, पटेल भवन, राजवंशी नगर महावीर मंदिर, पुनाईचक सचिवालय मोड़, हड़ताली मोड़ आदि जगहों पर आम लोगों एवं छात्र-छात्राओं को सड़क पार करने में काफी परेशानी हो रही है, साथ ही दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है ;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'ख' में वर्णित स्थानों पर आम लोगों की असुविधा को देखते हुए सड़क पार करने की कोई वैकल्पिक व्यवस्था करना चाहती है ?

----